प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 08.04.2026 समय : 09:00 ए.एम.

00000

- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का 21 अप्रैल को बालोतरा आने का कार्यक्रम–वे पचपदरा रिफाइनरी का लोकार्पण करेंगे।
- मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज करौली के नागल शेरपुर में किसान सम्मेलन में शामिल होंगे–बूंदी में निर्माणाधीन चम्बल एक्वाडक्ट का भी निरीक्षण करेंगे।
- आरबीआई आज अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करेगा।
- प्रदेश में कल कई स्थानों पर तेज हवाओं के साथ बरसात का दौर चला–हनुमानगढ, नागौर, चूरू और टोंक में ओले गिरे।

00000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 21 अप्रैल को बालोतरा आयेंगे। वे पचपदरा रिफाइनरी का लोकार्पण करेंगे। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के कल दिल्ली दौरे के बाद प्रधानमंत्री के इस कार्यक्रम को मंजूरी मिली है। मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पोस्ट में इसकी जानकारी दी। लगभग 72 हजार करोड़ रूपये की लागत से तैयार ये रिफाइनरी मारवाड सहित पूरे राजस्थान के आर्थिक विकास के नये द्वार खोलेगी। इससे बाडमेर और जैसलमेर में औद्योगिक क्षेत्र विकसित होगा। साथ ही इफ्रास्ट्रक्चर लॉजिस्टिक्स को भी बढावा मिलेगा।

0000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा आज करौली दौरे पर रहेंगे। उनका बालघाट के नागल शेरपुर गांव में किसान सम्मेलन को संबोधित करने का कार्यक्रम है। मुख्यमंत्री बूंदी में निर्माणाधीन चम्बल एक्वाडक्ट का निरीक्षण भी करेंगे। इसी कडी में श्री शर्मा बूंदी के इंदरगढ तहसील के गुहाटा गांव पंहुचेंगे। मुख्यमंत्री यहां राजस्थान वाटर ग्रिड कॉर्पोरेशन लिमिटेड के तहत किये जा रहे एक्वाडक्ट निर्माण कार्यो का जायजा लेंगे। गौरतलब है कि चम्बल एक्वाडक्ट, रामजल सेतु लिंक परियोजना–संशोधित पीकेसी का महत्वपूर्ण घटक है जो कोटा के पीपलदा समेल गांव से बूंदी के गुहाटा गांव तक बनाई जा रही है। मुख्यमंत्री का देर शाम पुष्कर जाने का भी कार्यक्रम है। श्री शर्मा पुष्कर में एक धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होंगे।

0000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि भारत हर क्षेत्र में आगे बढ रहा है। पूरी दुनिया से उद्योगपति भारत की ओर आकर्षित हो रहे है। श्री बिरला कल रावतभाटा प्रवास पर रहे। एक अभिनंदन समारोह में उन्होंने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता के इस दौर में भी भारत एक मजबूत और स्थिर राष्ट्र बना हुआ है।

0000

सलूम्बर जिले में अज्ञात बीमारी से हुई बच्चों की मौत के मामले को लेकर राज्य सरकार गम्भीर है। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की ओर से उदयपुर संभाग के सात जिलों में व्यापक स्तर पर आउटब्रेक नियंत्रण गतिविधियां चलाई जा रही है। विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड ने बताया कि संभाग में करीब साढे तीन हजार से अधिक टीमों की ओर से 52 हजार से ज्यादा घरों का सर्वेक्षण किया गया। **इनमें संदिग्ध** लक्षण वाले 275 मरीज चिन्हित किये गये। वहीं साढे छः सौ मरीजों का ईलाज किया गया। उन्होंने बताया कि आरएनटी मेडिकल कॉलेज की टीम और राज्यस्तरीय टीम ने प्रभावित क्षेत्र का दौरा कर विस्तृत जांच की है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्थिति पर लगातार निगरानी रखी जा रही हैं।

0000

जयपुर में मई महीने में आयोजित होने वाली ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट–ग्राम के लिए व्यापक तैयारियां की जा रही है। कल मुख्य सचिव वी श्रीनिवास ने इस संबंध में समीक्षा बैठक की। उन्होंने बताया कि इस आयोजन में किसानों की भागीदारी के लिए ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन पोर्टल बनाया गया है। वहीं ग्राम 2026 के लिए आपणो खेत आपणी खाद अभियान 6 अप्रैल से चलाया जा रहा है।

30 अप्रैल तक चलने वाले इस अभियान में किसानों को बायोफर्टिलाइजर और जैविक खेती के बारे में जागरूक किया जा रहा है। साथ ही धरती माता बचाओं अभियान भी 1 अप्रैल से शुरू किया गया है। इस अभियान में उर्वरकों का संतुलित उपयोग करने और कालाबाजारी रोकने के प्रयास किये जा रहे है।

**0000**

केन्द्र सरकार ने कहा है कि देशभर में पेट्रोल, डीजल, एलपीजी और पीएनजी की आपूर्ति सामान्य है। पश्चिम एशिया के घटनाक्रमों पर नई दिल्ली में अंतर–मंत्रालयी संवाददाता सम्मेलन में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने **बताया कि** सरकार ने पांच किलो के एलपीजी सिलेंडरों की बिक्री दोगुना करने का नया आदेश जारी किया है।

0000

भारतीय रिज़र्व बैंक आज अपनी द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करेगा। रिज़र्व बैंक के गवर्नर संजय मल्होत्रा आज सुबह 10 बजे **वित्तीय वर्ष 2026–27** की अपनी पहली बैठक में मौद्रिक नीति समिति द्वारा लिए गए निर्णयों की जानकारी देंगे। गवर्नर की अध्यक्षता में गठित छह सदस्यीय समिति सोमवार से ब्याज दरों, मुद्रास्फीति के दृष्टिकोण और विकास अनुमानों जैसे प्रमुख पहलुओं पर विचार–विमर्श कर रही है। विशेषज्ञों के अनुसार, पश्चिम एशिया संकट से मुद्रास्फीति बढ़ने की आशंका को देखते हुए, रिज़र्व बैंक **में** अप्रैल में होने वाली मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में मानक नीतिगत रेपो दर को 5 दशमलव दो पांच प्रतिशत पर यथावत रखने की संभावना है।

0000

प्रदेश में सक्रिय नए पश्चिमी विक्षोभ के असर से कल राजधानी जयपुर सहित 16 जिलों में तेज हवाओं के साथ बरसात का दौर चला। हनुमानगढ, नागौर और टोंक में ओले गिरे। मौसम विभाग के अनुसार सबसे ज्यादा **करीब दो इंच** बारिश फलौदी में दर्ज की गई। इसके अलावा चार शहरों में आधा इंच से ज्यादा बारिश दर्ज की गई। अजमेर, सीकर कोटा, जोधपुर, बीकानेर और श्रीगंगानगर में हल्की से मध्यम बरसात हुई। नागौर में तूफानी बारिश हुई और बाडमेर में दिनभर आंधी चली और कई इलाकों में पानी बरसा। जैसलमेर के रामदेवरा में बरसात का पानी दुकानों में घुस गया। लगातार बारिश से कई जगह बिजली के पोल गिर गये और ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त हो गए। हनुमानगढ के दौलतपुरा संगरिया, नोहर और आसपास के क्षेत्रों में तेज गरज के साथ जोरदार बारिश हुई और ओले गिरे। चूरू से हमारे संवाददाता ने बताया कि तेज बारिश और ओले गिरने से जनजीवन प्रभावित होने के साथ ही फसलो को नुकसान पंहुचा है।

0000

आंधी बारिश से प्रदेश में अधिकतर स्थानों पर तापमान में 2 से 7 डिग्री तक की गिरावट आई है। आज भरतपुर और जयपुर संभाग के कुछ भागों में हल्की बारिश होने का अनुमान है वहीं राज्य के बाकी हिस्सों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। 10 अप्रैल से तापमान में 3–4 डिग्री की बढोतरी हो सकती है।

0000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कल जयपुर में इंडियन फुटबॉल लीग का शुभारम्भ किया। राजस्थान यूनाईटेड फुटबॉल क्लब की ओर से ये आयोजन विद्याधरनगर स्टेडियम में किया जा रहा है। इस मौके पर श्री बागडे ने प्रतियोगिता में भाग ले रहे फुटबॉल खिलाड़ियों को उम्दा प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर राज्यपाल ने युवाओं से खेलों से जुडने का आह्वान किया।

0000

प्रदेश में बढते साईबर अपराधों को देखते हुए राजस्थान पुलिस ने आमलोगों से सतर्क रहने और डिजिटल माध्यमों का सही उपयोग करने की अपील की है। साइबर क्राइम उप महानिरीक्षक शांतनू कुमार सिंह ने बताया कि साइबर धोखाधडी पर रोक के लिए दूरसंचार विभाग के संचार साथी एप के तहत चक्षु पोर्टल बनाया गया है। ये पोर्टल धोखाधडी में इस्तेमाल किये गये मोबाईल नम्बर को बंद करने के साथ–साथ उसे ब्लेकलिस्ट कर देता है, जिससे साईबर अपराधी उस फोन में दूसरी सिम डालकर दोबारा ठगी नहीं कर पाते। श्री सिंह ने लोगों से साईबर धोखाधडी की शिकायत हैल्पलाईन नम्बर 1930 पर करने का आग्रह किया है।

0000

संविधान निर्माता डॉक्टर भीमराव अम्बेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में प्रदेश में 11 से 14 अप्रैल तक राज्यस्तरीय कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। इन चार दिवसीय कार्यक्रमों की श्रृंखला से बाबासाहब के जीवन दर्शन और संविधान जागरूकता का संदेश जनजन तक पंहुचाया जायेगा। सामाजिक न्याय और अधिकारिता विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव दिनेश कुमार ने बताया कि इस दौरान फिल्मों का प्रदर्शन, ऑनलाईन क्विज, संविधान शपथ सहित कई कार्यक्रम होंगे।

0000